**रांची में, शुक्रवार, दिनांक 02 फरवरी, 2024 को अपराह्न 01:30 बजे से हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। माननीय मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की। अन्य सभी मंत्रीगण उपस्थित थे।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–**

**मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग**
**(संसदीय कार्य)**

1. पंचम झारखण्ड विधान सभा का चतुर्दश (बजट) सत्र (दिनांक 09 फरवरी, 2024 से 29 फरवरी, 2024 तक) को विलोपित करने की स्वीकृति के संबंध में। 01. **स्वीकृत।**

**:: अन्यान्य ::**
**मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग**
**(संसदीय कार्य)**

2. **पंचम झारखण्ड विधान सभा के चतुर्दश सत्र दिनांक 05 फरवरी, 2024 से 06 फरवरी, 2024 तक निम्न औपबंधिक कार्यक्रमानुसार आहूत करने की स्वीकृति दी गई–**

| | |
|---|---|
| दिनांक 05.02.2024 (सोमवार) | 1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 (1) के अधीन 11:00 बजे पूर्वाह्न में झारखण्ड विधान सभा वेश्म में माननीय राज्यपाल का अभिभाषण। |
| | 2. झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 139 के अधीन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद् में विश्वास के प्रस्ताव का उपस्थापन, वाद–विवाद एवं मतदान। |
| दिनांक 06.02.2024 (मंगलवार) | 1. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उपस्थापन, वाद–विवाद, सरकार का उत्तर तथा मतदान। |

**:: अन्यान्य ::**
**विधि विभाग**

3. श्री राजीव रंजन, पूर्व महाधिवक्ता, झारखण्ड को महाधिवक्ता, झारखण्ड के पद पर पुनः नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।